(ख) शोक का आवेग कम हुआ, तो निर्मल के विवाह की समस्या उपस्थित हुई । कुछ लोगों की सलाह हुई कि विवाह इस साल रोक दिया जाए । कल्याणी ने कहा- इतनी तैयारियों के बाद विवाह को रोक देने से सब किया धरा मिट्टी में मिल जाएगा और दूसरे साल फिर यही तैयारी करनी पड़े, जिसकी कोई आशा नहीं । विवाह कर ही देना अच्छा है ।

(ग) बाबू साहब ने प्रशंसासूचक भाव से कहा- हमें उन लोगों के साथ सहानुभूति है और दु:ख है कि ईश्वर ने उन्हें विपत्ति में डाला; लेकिन बुद्धि से काम लेकर ही कोई निश्चय करना चाहिए । हम कितने फटेहाल हो जाएँ, फिर भी अच्छी-खासी बारात हो जाएगी । वहाँ भोजन का ठिकाना नहीं । सिवा इसके कि लोग हँसे, और कोई नतीजा न निकलेगा ।



No. of Printed Pages : 07 Roll No. .......................

# 32038

## B.A. & Hons. (Subsidiary)

## EXAMINATION, 2025

(Second Semester)

हिन्दी (ऐच्छिक)

*Time* : 3 *Hours*] [*Maximum Marks* : 80

Before answering the question-paper candidates should ensure that they have been supplied to correct and complete question-paper. No complaint, in this regard, will be entertained after the examination.

**नोट** : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **4×2=8**

(क) बसौ मेरे नैनन में नंदलाल ।
मोहनी मूरत, साँवरी सूरत, नैना बने बिसाल ।
अधर सुधारस मुरली राजत, उर बैजंती माल ।।
छुद्र घंटिका कटि तट सोभित, नूपुर सबदर साल ।
मीरां प्रभु संतन सुखदाई भगत बछल गोपाल ।।

(ख) सोभित कर नवनीत लिए ।

घुटुरुनि चलत रेनु तन-मण्डित, मुख दधि लेप किये ।

चारु कपोल, लोल लोचन, गोरोचन-तिलक दिए ।

लट-लटकनि मनु मधुप गन मादक मधूहि पिए।

कठुला-कंठ ब्रज केहरि-नख, राजत रुचिर हिए।

धन्य सूर एकौ पल इहि सुख, का सत कल्प जिए ॥

(ग) भए अति निठुर, मिटाय पहचानि डारी,

याही दुख हमै जक लागी हाय हाय है ।

तुम तौ निपट निरदई, गई भूलि सुधि,

हमैं सूल सेलनि सो क्यौ हूँ न भुलाय हैं ।

मीठे मीठे बोल बोलि, ठगी पहले तौ तब,

अब जिए जारत, कहौ धौ कौन न्याय हैं ।

सुनि है कै नाहीं, यह प्रगट कहावति जू,

काहूं कल पाय हैं सु कैसे कल पाय हैं ।

(घ) बतरस लालच लाल की, मुरली धरी लुकाय।

सौंह करै भौंहनि हँसै, दैन कहै नटि जाय ॥

—में कौन सा रस है ?



**2.** 'सूरदास का वात्सल्य' पर साहित्यिक लेख लिखिए। **8**

**अथवा**

कबीर के 'कल आज और कल' की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालिए ।

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **3×2=6**

(क) कबीर के राम का वर्णन कीजिए ।

(ख) 'तुलसी का समन्वयवाद' पर साहित्यिक लेख लिखिए ।

(ग) मीराबाई की भक्तिभावना स्पष्ट कीजिए ।

(घ) बिहारी की शृंगारिकता सिद्ध कीजिए ।

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **4×2=8**

(क) उस वक्त तोताराम कचहरी जा रहे थे । डाँट-डपट करने का मौका न था, लेकिन कचहरी से लौटते ही उन्होंने रुक्मणी से कहा- क्यों बहिन, तुम्हें इस घर में रहना है या नहीं ? अगर रहना है तो शांत होकर रहो, यह क्या कि दूसरों का रहना मुश्किल कर दो ।

(घ) लेकिन निर्मला को न जाने क्यों तोताराम के पास बैठने और हँसने-बोलने में संकोच होता था। इसका कदाचित यह कारण था कि अब तक ऐसा ही एक आदमी उसका पिता था। उसके सामने वह सिर झुकाकर, देह चुराकर निकलती थी। अब उसी अवस्था का एक आदमी उसका पति था। वह उसे प्रेम की वस्तु नहीं, सम्मान की वस्तु समझती थी।

5. निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए : **8**

(क) 'निर्मला' उपन्यास के प्रतिपाद्य का उल्लेख कीजिए।

(ख) 'निर्मला' उपन्यास की पात्र योजना स्पष्ट कीजिए।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4×2=8**

(क) 'निर्मला' उपन्यास के देशकाल-वातावरण पर प्रकाश डालिए।

(ख) प्रेमचंदयुगीन सामाजिक परिवेश का वर्णन कीजिए ।

(ग) प्रेमचंद का साहित्यिक परिचय लिखिए ।

(घ) 'निर्मला' उपन्यास की संवाद योजना स्पष्ट कीजिए ।

**7.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **9×2=18**

(क) भक्तिकाल के उद्भव और विकास का वर्णन कीजिए ।

(ख) सूफी काव्य की प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।

(ग) राम काव्य प्रवृत्तियाँ का वर्णन कीजिए ।

(घ) भक्ति काल को स्वर्ण काल सिद्ध कीजिए ।

**8.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4×2=8**

(क) भक्ति काल की राजनीतिक परिस्थितियों का वर्णन कीजिए ।



(ख) सन्त काव्य की कोई **दो** प्रवृत्तियाँ लिखिए ।

(ग) कृष्ण काव्य की किन्हीं **दो** प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए ।

(घ) अष्टछाप परंपरा का उल्लेख कीजिए ।

**9.** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं : **8×1=8**

(क) 'बीजक' का रचयिता कौन है ?

(ख) 'सूरदास' की **दो** काव्य-रचनाओं के नाम लिखिए ।

(ग) तुलसीदास के गुरु का नाम लिखिए ।

(घ) 'निर्मला' उपन्यास में तोताराम कौन है ?

(ङ) प्रेमचंद का जन्म कब हुआ ?

(च) अष्टछाप काव्य परंपरा में विट्ठलनाथ के शिष्यों की संख्या कितनी है ?

(छ) 'पद्मावत' महाकाव्य का रचनाकार कौन है ?

(ज) आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार भक्ति काल की समयसीमा क्या है ?

❖❖❖❖❖❖❖